## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 23.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा बबेरु में बरामद 08 वर्षीय बच्ची को परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 23.10.2025 को थाना बबेरु की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुम हुई एक 08 वर्षीय बच्ची को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 23.10.2025 को थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम के जागरुकता अभियान के दौरान लककुश डिग्री कॉलेज कस्बा बबेरु के पास एक बच्ची बरामद हुई । पुलिस टीम द्वारा बच्ची तथा आस-पास के लोगों से पूछताछ कर बच्ची के परिजनों का पता लगाया गया । जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि बच्ची थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम कैरी की रहने वाली है, तथा अपनी दादी के साथ दादी के मायके बबेरु में जन्मदिन के अवसर पर आई हुई । आज दोपहर लगभग 12.00 बजे वह खेलते-खेलते घर का रास्ता भटक गई थी तथा परिजन उसे काफी देर से खोज रहे थे । पुलिस टीम द्वारा बच्ची को सकुशल उसकी दादी तथा अन्य रिश्तेदारीजनों को सुपुर्द किया गया । बच्ची के परिजनों ने पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया ।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. म0उ0नि0 निक्की पटेल
2. म0हे0कां0 निधि शिवहरे